समाहरणालय, पटना

(जिला सहकारिता शाखा)

Email : patnadco@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना के औपबंधिक मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना

सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के आदेश पत्रांक–CEA/12011/343/2026 दिनांक–05.05.2026 (इलेक्शन नं०–09/2026–27) द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना के निदेशक पर्षद् एवं पदधारकों के निर्वाचन हेतु जिला पदाधिकारी, पटना को निर्वाची पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त निर्वाचन बहुराज्यीय सहकारी समिति अधिनियम, 2002 (यथासंशोधित–2023)/बहुराज्यीय सहकारी समिति नियमावली, 2002 (यथासंशोधित–2023) एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना की उपविधि के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत किया जाना है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार औपबंधिक मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक–22.06.2026 को किया गया। दिनांक–23.06.2026 से दिनांक–25.06.2026 तक निर्धारित अवधि तक औपबंधिक मतदाता सूची पर पर प्राप्त दावा–आपत्ति का निराकरण करते हुए कुल 5633 (पाँच हजार छः सौ तैंतीस) मतदाताओं की सूची सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना के कार्यालय, पत्रांक–CEA/12011/343/2026 दिनांक–05.05.2026 (इलेक्शन नं०–09/2026–27) द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना के मुख्यालय एवं उसके बिहार, झारखण्ड के अन्य क्षेत्रीय कार्यालय के सूचना पट्ट तथा संबंधित समिति के वेबसाईट पर अंतिम मतदाता सूची के रूप में दिनांक–01.07.2026 को प्रकाशित की जाती है।

ह०/–
जिलाधिकारी, पटना
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ
को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना।

ज्ञापांक – 1706 पटना/जि०सह०शाखा, दिनांक – 01/07/2026/

प्रतिलिपि –

1. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना के सामान्य निकाय की विशेष आम–सभा में शामिल होने योग्य सभी सदस्य को सूचनार्थ।
2. सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, 9th Floor, Tower E, World Trade Center, Nauroji Nagar, New Delhi-110029 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. CEO / सचिव स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशित हैं कि सभी संबंधित सदस्य को ससमय सूचना उपलब्ध कराते हुए तामिला प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधिकारी, पटना
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ
को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना।

Scanned with OKEN Scanner